प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

टिड्डी दल की निगरानी हेतु पंतनगर में समिति का गठन

पंतनगर। 30 मई 2020। विगत 10 दिनों से देश के विभिन्न राज्यों में निरन्तर बढ़ते टिड्डी के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए पंतनगर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा, ने अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप, एवं निदेशक अनुसंधान केन्द्र, डा. ए.एस. नैन, के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य बिन्दु टिड्डी दल के प्रकोप से बचाव की रणनीति था। बैठक में निदेशक अनुसंधान केन्द्र द्वारा अवगत कराया गया कि टिड्डी दल की निगरानी हेतु कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक, कीट विज्ञान विभाग, डा. एस.एन. तिवारी, की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो टिड्डी दल के प्रकोप से बचाव एवं सावधानियाँ संबंधी आवश्यक कार्य करेगी।

इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा हाल ही में 27 पादप सुरक्षा रसायनों को निषेध किये जाने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु भी डा. एस.एन. तिवारी की अध्यक्षता में एक दूसरी समिति का गठन किया गया है जो इन रसायनों के विकल्प पर विचार करेगी। बैठक के अन्त में निदेशक प्रसार शिक्षा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।